संख्याः फिन(एल0ए0)सी(15)(14) 31/76 खण्ड–7–5692–5694
हिमाचल प्रदेश सरकार,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग

प्रेषकः

निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

प्रेषितः

उप निदेशक,
जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर,
जिला हमीरपुर, हि0प्र0

दिनांक, शिमला–171009 ....28.09.2015.................

***विषयः*** ***जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर की विभिन्न निधियों के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन बारे***

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर की पुनर्वास एवं पुनः स्थापना निधि, विश्राम गृह निधि तथा झण्डा दिवस निधि के अवधि 1.4.2012 से 31.3.1205 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतियाँ आपको आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है। इन अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर इस विभाग को भेजना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

संलगनः– यथोपरि

पृष्ठांकन संख्या :– –यथोपरि– दिनांक, शिमला–171009.
प्रतिलिपिः–
(1) निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण, निदेशालय हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश
(2) श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा..........

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

# जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के झण्डा दिवस निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2012 से 3/2015

## भाग–एक

**1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

संस्था के गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से थीः–

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2002 से 3/2003**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–7 | निर्णीत | (अनुपालना की सत्यापनोपरान्त) |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2003 से 3/2004**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–6 | अनिर्णीत | |
| 2 | पैरा–7 (क) | निर्णीत | (अनुपालना की सत्यापनोपरान्त) |

**(ग) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2004 से 3/2006**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–6 | निर्णीत | (संस्था के स्पष्टीकरण के दृष्टिगत) |
| 2 | पैरा–7 (क) | निर्णीत | (अनुपालना की पुष्टि के उपरान्त) |

**(घ) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2006 से 3/2008**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–6 | निर्णीत | (संस्था द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के दृष्टिगत) |

**(ङ) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2008 से 3/2012**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क की राशि भेज दी गई है) |
| 2 | पैरा–4 | निर्णीत | (पुनः प्रारूपित) |
| 3 | पैरा–5 | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा–6 | निर्णीत | (अनुपालना की पुष्टि के उपरान्त) |

## भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षणः–**

संस्था के झण्डा दिवस निधि के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी तथा श्री नरेन्द्र कुमार, आर्टिकल सहायक द्वारा दिनाँक 23.06.2015 से 24.06.2015 के दौरान हमीरपुर में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित है। लेखाओं की विस्तृत जाँच हेतु मासों का चयन निम्न प्रकार से किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2012–13 | 12/12 | 4/12 |
| 2013–14 | 12/13 | 11/13 |
| 2014–15 | 12/14 | 3/15 |

**अंकेक्षण अवधि में संस्था में कार्यरत्त रहे आहरण एवं वितरण अधिकारियों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम/पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज (HAS) | 01.04.12 से 21.05.12 |
| 2 | श्री अक्षय सूद (HAS) | 22.05.12 से 30.01.13 |
| 3 | श्री जे0के0 कटोच (HAS) | 18.02.13 से 27.05.13 |
| 4 | सुश्री सोनिया ठाकुर (HAS) | 10.06.13 से 20.02.14 |
| 5 | श्री एस0के0 परासर (HAS) | 03.03.14 से 17.06.2014 |
| 6 | डा0 आशीश शर्मा (HAS) | 18.06.14 से अद्यतन |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध/प्रदान की गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो प्रदान नहीं की गई है, की जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

जिला सैनिक कल्याण हमीरपुर के झण्डा दिवस निधि के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आँकलन ₹3600/– किया गया। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखाकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, को प्रेषित करने हेतु अनुभाग अधिकारी (लेखा परीक्षा) द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 566 दिनाँक 03.07.15 जारी करके अनुरोध किया गया, जिसे संस्था द्वारा बैंक ड्राफ्ट संख्या 632267 दिनाँक 10.7.2015 के द्वारा प्रेषित कर दिया गया है।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

**(क)** संस्था द्वारा प्रस्तुत जिला सैनिक कल्याण की झण्डा दिवस निधि के अवधि 4/2012 से 3/2015 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्नलिखित है, जिसका विस्तारपूर्वक विवरण **परिशिष्ट "क"** पर भी दिया गया हैः–

| **वर्ष** | **2012–13** | **2013–14** | **2014–15** |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 3843408.82 | 4159077.82 | 4607319.82 |
| (+) आय | 383082.00 | 700145.00 | 548074.00 |
| **कुल राशि** | **4226490.82** | **4859222.82** | **5155393.82** |
| (–) व्यय | 67413.00 | 251903.00 | 268253.00 |
| **अन्त शेष** | **4159077.82** | **4607319.82** | **4887140.82** |

(ख) अन्तशेष का विवरणः–

**बैंक खातों के अनुसार अन्तिम शेष का विवरण निम्नलिखित हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला हमीरपुर बचत खाते में दिनाँक 31.3.15 को जमा राशि (विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है) | 442084.82 |
| (ii) | सावधि जमा योजना में दिनाँक 31.03.15 को निवेशित राशि (विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है) | 4445056.00 |
| | **कुल जमा राशि** | **₹4887140.82** |

## 5 निधि में संचित राशि में से आवश्यकता से अधिक राशि को बैंक बचत खाते में रखना

झण्डा दिवस निधि के लेखाओं की वित्तीय स्थिति की विवेचना करने पर पाया गया कि इस निधि में संचित राशि में से आवश्कयता से अधिक राशि को बैंक बचत खाते में रखा गया है तथा दिनांक 31.3.2015 को बचत खाते में ₹442084/– जमा थी। यदि इस संचित राशि में से एक समुचित भाग किसी निश्चित अवधि के लिए सावधि जमा योजना में निवेश किया जाता तो बैंक से बचत खाते पर प्राप्त ब्याज की अपेक्षा सावधि जमा योजना में निवेश्ति राशि पर अधिक ब्याज अर्जित किया जा सकता था। अतः इस सन्दर्भ में संस्था स्तर पर आन्तरिक जाँच करके भविष्य में इस निधि की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने एवं ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित करने के उद्देश्य से बचत खाते में रखी गई अधिक राशि में से एक समुचित भाग सावधि जमा योजना में निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 6 झण्डों की बिक्री से प्राप्त योग्य राशि के बारे में

जाँच के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा निम्नविवरणानुसार विभिन्न विभागों व शैक्षणिक संस्थानों को झण्डा दिवस पर बिक्री हेतु झण्डे जारी किए गए थे, लेकिन इन संस्थानों द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर एकत्रित की गई राशि को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा नहीं करवाया गया है। अतः इस सन्दर्भ में आवश्यक पत्राचार करके जारी झण्डों की बिक्री से एकत्रित राशि को प्राप्त करके इसे झण्डा दिवस निधि में जमा करवाया जाए तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

**वर्ष 2012–13**

| क्र0सं0 | संस्था/विभाग का नाम | जारी झण्डों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रा0व0मा0पा0 भरेडी | 200 |
| 2 | रा0व0मा0पा0 धनेटा | 200 |
| 3 | रा0व0मा0पा0 भलेठ | 100 |
| 4 | रा0व0मा0पा0 द्रव्याड़ | 100 |
| 5 | आई0पी0एच0 डिवीजन हमीरपुर | 200 |

**वर्ष 2013–14**

| क्र0सं0 | संस्था / विभाग का नाम | जारी झण्डों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रा0व0मा0पा0 जलाड़ी | 200 |
| 2 | रा0व0मा0पा0 पटलांदर | 200 |
| 3 | रा0 उच्च वि0 गुलेला | 100 |
| 4 | रोज़गार कार्यालय भोरन्ज | 100 |
| 5 | बी0डी0ओ0 कार्यालय भोरन्ज | 100 |

**वर्ष 2014–15**

| क्र0सं0 | संस्था / विभाग का नाम | जारी झण्डों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रा0व0मा0पा0 मनोह | 200 |
| 2 | रा0व0मा0पा0 ऊटपुर | 100 |
| 3 | बाबा बालक नाथ (ट्रस्ट) चकमोह | 200 |
| 4 | ऐक्सीयन, हि0प्र0 बिजली बोर्ड बड़सर | 200 |

7 **लघु आपत्ति विवरणीः–**इसे अलग से जारी नहीं किया गया है।

8 **निष्कर्षः–**लेखाओं के रख रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता / –

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.